# कार्यवृत्त

## 23वीं वित्त समिति

दिनांकः 11 फरवरी, 2023,

समय : प्रातः 11.00 बजे

स्थानः कार्यालय मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय, देहरादून

दून विश्वविद्यालय,
मोथरोवाला रोड, केदारपुर
देहरादून–248012
Email: fc@doonuniversity.ac.in, Website: www.doonuniversity.ac.in

## दून विश्वविद्यालय, मोथरोवाला रोड, केदारपुर देहरादून–248012

**दून विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 23वीं बैठक का कार्यवृत्त**

23वीं वित्त समिति की बैठक प्रो० सुरेखा डंगवाल, मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में दिनांक 11 फरवरी, 2023 को उनके कार्यालय कक्ष में ऑनलाईन बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० एस०पी० सिंह | मा० कुलपति (से०नि०), सदस्य कार्यकारी परिषद, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। |
| 2. | श्री हरी सिंह बिष्ट | अनुसचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून। |
| 3. | श्री प्रशांत आर्या | अपर सचिव,उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।**(ऑनलाईन)** |
| 4. | प्रो०आर०पी०मंमगाई | विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, दून विश्वविद्यालय, देहरादून।**(ऑनलाईन)** |
| 5. | डा० मंगल सिंह मन्द्रवाल | कुलसचिव, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(आमंत्रित)** |
| 6. | श्री हर सिंह बोनाल | वित्त नियंत्रक, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(सचिव)** |

मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय द्वारा वित्त समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया एंव वित्त समिति के सदस्यों द्वारा अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु उनका धन्यवाद किया।

**मद सं०: 2023:23:02** — **दून विश्वविद्यालय, देहरादून में दिनांक 08 नवम्बर, 2022 को आयोजित 22वीं वित्त समिति बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

इस सम्बन्ध में मा० वित्त समिति के सदस्यों से कोई टिप्पणी एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

**मद सं०: 2023:23:03** — **वित्त समिति की 22वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही पर समीक्षा।**

वित्त समिति के सदस्यों द्वारा वित्त समिति की 22वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

**मद सं०: 2023:23:04** — **दून विश्वविद्यालय हेतु सृजित 132 पदों के सापेक्ष 51 विभिन्न शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर पदों की निरन्तरता के सम्बन्ध में अनुमोदन।**

वित्त समिति द्वारा शासनादेश संख्या 27/XXIV-C-1/2023-58/2012 टी०सी० उच्च शिक्षा अनुभाग–01 दिनांक 16 जनवरी, 2023 में अंकित 132 पदों के सापेक्ष रिक्त 81 पदों पर कार्यरत शैक्षिक/

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानदेय भुगतान सम्बन्धी पत्र का अवलोकन किया गया। चूंकि यह प्रकरण शासन स्तर पर विचाराधीन है। अतः शासन स्तर से उपरोक्त सम्बन्ध में आदेश निर्गत होने के उपरान्त कर्मचारियों को मानदेय भुगतान किये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश वित्त समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये।

मद सं० : 2023:23:05 **हॉस्टल, अतिथि गृह एवं अन्य मरम्मत कार्यो के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं दून विश्वविद्यालय द्वारा अपनी संचित निधि से रू0 52.99 लाख की धनराशि उक्त कार्यो को कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

मद सं० : 2023:23:06 **दून विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन एम०बी०ए० भवन हेतु फर्नीचर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं दून विश्वविद्यालय द्वारा अपनी संचित निधि से एम०बी०ए० भवन में छात्र/छात्राओं हेतु रू0 30.00 लाख कक्ष फर्नीचर क्रय किये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

मद सं० : 2023:23:07 **वित्तीय वर्ष 2022–23 में दून विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से एल्युमिनि शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया एवं छात्र/छात्राओं को एल्युमिनि सदस्यता हेतु एल्युमिनि शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय छोड़ने के उपरान्त उनको भुगतान की जाने वाली कॉशन मनी ₹ 5,000/– में से ₹ 500/– प्रति छात्र कटौती कर लिये जाने की सहमति दी गयी है।

मद सं० : 2023:23:08 **अन्य मद मा० अध्यक्ष महोदया की अनुमति से।**

**प्रयोगशाला भवन के ऊपर बॉयलोजिकल सांइसेज की प्रयोगशाला के लिए एक अतिरिक्त फ्लोर निर्माण के सम्बन्ध में:–**

वित्त समिति द्वारा दून विश्वविद्यालय के कम्पोजिट लैबोरिट्री भवन के ऊपर स्कूल ऑफ बॉयलोजिकल सांइसेज की प्रयोगशालाओं हेतु एक अतिरिक्त फ्लोर निर्माण के सम्बन्ध में चर्चा हुई।

वित्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा विचारोपरान्त उक्त पर सहमति व्यक्त करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त फ्लोर के निर्माण पर होने वाले व्यय का वहन विश्वविद्यालय द्वारा अपने संसाधनों से अर्जित आय से की जायेगी।

**Doon University, Dehradun**

**23rd Meeting of Finance Committee of the University**

## Attendance Sheet

**Dated- 11th February 2023**

***Venue: Office of the Vice Chancellor*** ***Time: 11:00Noon***

| Name | Designation and Organization | Signature |
|---|---|---|
| Prof. Surekha Dangwal | Vice Chancellor and Chairman Executive Council, Doon University | |
| Principal Secretary/ Secretary/Representative | Higher Education Govt. of Uttarakhand | Online |
| Principal Secretary/ Secretary/Representative | Dept of Finance Govt. of Uttarakhand | |
| Prof. S. P. Singh | Former Vice Chancellor, HNB Garhwal University, Srinagar | |
| Prof. R. P. Mamgain | Professor, Dept. of Economics, Doon University | Online |
| Dr. M. S. Mandrawal | Registrar (Invitee) | |
| Mr. Har Singh Baunal | Finance Controller and Secretary, Finance Committee | |

# कार्यवृत्त

## 24वीं वित्त समिति

दिनांकः 15 सितम्बर, 2023,

समय : प्रातः 11.00 बजे

स्थानः कार्यालय मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय, देहरादून

दून विश्वविद्यालय,
मोथरोवाला रोड, केदारपुर
देहरादून–248012
Email: fc@doonuniversity.ac.in, Website: www.doonuniversity.ac.in

## दून विश्वविद्यालय, मोथरोवाला रोड,
## केदारपुर देहरादून–248012

**दून विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 24वीं बैठक का कार्यवृत्त**

24वीं वित्त समिति की बैठक प्रो० सुरेखा डंगवाल, मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में दिनांक 16 सितम्बर, 2023 को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० एस०पी० सिंह | मा० कुलपति (से०नि०), सदस्य कार्यकारी परिषद, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। |
| 2. | प्रो० आर०डी० शर्मा | मा० कुलपति (से०नि०), सदस्य कार्यकारी परिषद, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। |
| 3. | श्री व्योमकेश दुबे | उप–सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून। |
| 4. | डा० मंगल सिंह मन्द्रवाल | कुलसचिव, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(आमंत्रित)** |
| 5. | श्री हर सिंह बोनाल | वित्त नियंत्रक, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(सचिव)** |

मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय द्वारा वित्त समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया एंव वित्त समिति के सदस्यों द्वारा अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु उनका धन्यवाद किया।

**मद सं०: 2023:23:02** — **दून विश्वविद्यालय, देहरादून में दिनांक 11 फरवरी, 2023 को आयोजित 23वीं वित्त समिति बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त के सम्बन्ध में मा० वित्त समिति के सदस्यों से कोई टिप्पणी एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

**मद सं०: 2023:23:03** — **वित्त समिति की 23वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही पर समीक्षा।**

वित्त समिति के सदस्यों द्वारा 23वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

**मद सं०: 2023:23:04** — **दून विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2022–23 में पुर्नविनियोग कार्योत्तर स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति के सदस्यों द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**मद सं० : 2023:28:05** **<u>दून विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2023–24 के अनुमानित बजट को विश्वविद्यालय के विभिन्न मदों में व्यय किये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:28:06** **<u>कॉशन मनी के उपयोग के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। वित्त समिति द्वारा दून विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को कॉशन मनी लौटाये जाने की निर्धारित सीमा 01 वर्ष रखे जाने के निर्देश सर्वसम्मति से दिये गये एवं वर्षों से दून विश्वविद्यालय खाते में अवशेष कॉशन मनी धनराशि रू0 1.67 करोड़ को 01 वर्ष के अन्तर्गत सम्बन्धित छात्र/छात्राओं द्वारा ले जाने सम्बन्धी एक सूचना निर्गत करने के निर्देश दिये गये जिससे छात्र/छात्राओं द्वारा अपनी कॉशन मनी 01 वर्ष के अन्तर्गत दून विश्वविद्यालय से प्राप्त कर सकें।

**मद सं० : 2023:28:07** **<u>बी.टेक. कम्प्यूटर साइन्स एवं इन्जीनियरिंग कार्यक्रम हेतु रू0 65,000/प्रतिमाह के वेतन पर 2 सहायक प्राध्यापक संविदा पर नियुक्त किये जाने के प्रस्ताव के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। दून विश्वविद्यालय में बी०टेक कम्प्यूटर साइंस एवं इन्जीनियरिंग एक नये कोर्स की शुरूआत की गयी है एवं इस कोर्स हेतु विद्यमान सभी सीटों में प्रवेश हो चुका है जिस कारण वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:28:08** **<u>बी.टेक. कम्प्यूटर साइन्स एवं इन्जीनियरिंग कार्यक्रम हेतु उन्नत कम्प्यूटर लैब की स्थापना के प्रस्ताव के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:28:09** **<u>गणित विभाग हेतु कम्प्यूटर लैब की स्थापना के प्रस्ताव के सम्बन्ध मे।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं लैब स्थापना का कार्य दो चरणों में यथा प्रथम चरण में हार्डवेयर सम्बन्धी कार्य एवं द्वितीय चरण में साफ्टवेयर सम्बन्धी कार्य को करवाये जाने के साथ प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:23:10** — **नवनिर्मित मैनेजमेन्ट भवन में आई.सी.टी. युक्त स्मार्ट बोर्ड की आवश्यकता।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं निर्देश दिये गये कि वर्तमान में आई.सी.टी. युक्त स्मार्ट बोर्ड एक मुख्य आवश्यकता होने के कारण इसको लगाया जाना उचित है। अतः प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:23:11** — **नवनिर्मित मैनेजमेन्ट भवन में मीटिंग हॉल की आवश्यकता।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:23:12** — **सर्टिफिकेट कोर्स के पारिश्रमिक के प्रस्ताव पर संशोधन के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं सर्टिफिकेट कोर्स के पारिश्रमिक अतिथि शिक्षकों को दिये जाने वाली अधिकतम धनराशि के अतिरिक्त प्रस्ताव को निम्नानुसार संशोधन के साथ स्वीकृत किया गया :–

फैकल्टी–अतिथि–₹ 1000/–(पी0एच0डी0 नैट)/₹ 500/–(नॉन पी0एच0डी0) (अधिकतम–04 प्रतिदिन)
(अधिकतम सीमा ₹ 15000/–)

**मद सं० : 2023:23:13** — **एग्जीक्यूटिव एम.बी.ए. हेतु गेस्ट/आंगतुक शिक्षकों के मानदेय के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं 18वीं वित्त समिति के बिन्दु संख्या–2019:18:10 में नियमित फैकल्टी को मानदेय दिये जाने का उल्लेख नही होने के कारण आपत्ति दर्ज की गयी थी जिसे भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में निम्न प्रकार स्वीकृति प्रदान की गयी।

1. ₹ 1000/–(पी०एच०डी०/नैट)/₹500/–(नॉन पी०एच०डी०/नॉन नैट) (अधिकतम 04 प्रतिवादन प्रतिदिन/₹ 15,000/– प्रतिमाह)
2. नियमित शिक्षकों को पूर्व में दिये जाने वाले भुगतान के सम्बन्ध में सहमति प्रदान की गयी।
3. भविष्य में नियमित शिक्षकों को मानदेय दिये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**मद सं० : 2023:23:14** — **एक्जीक्यूटिव एम.बी.ए. हेतु स्टॉफ के मानदेय सम्बन्धी प्रस्ताव।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:23:15** **<u>जनसामान्य को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं हेतु उपयोगकर्ता शुल्क के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में प्राप्त पत्र पर विचार।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा की गयी जिसमें वर्तमान में गेस्ट हाउस से लिये जाने वाले किराये एवं दून विश्वविद्यालय में किराये में संचालित उच्च शिक्षा कार्यालय से लिये जाने वाले किराये में जी०एस०सी० लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं किराये में वृद्धि के सम्बन्ध में एक कमेटी बनाये जाने के निर्देश दिये गये।

**मद सं० : 2023:23:16** **<u>विश्वविद्यालय में आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों हेतु अस्थायी आवास के निर्माण के प्रस्ताव पर विचार।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं विश्वविद्यालय में आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों हेतु fabricated hut बनाये जाने के निर्देश दिये गये जिसमें 01 कमरा, 01 किंचन एवं 01 बाथरूम बनाया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य हेतु वित्त समिति द्वारा अनुमानित लागत धनराशि रू0 40.00 लाख स्वीकृत की गयी।

**मद सं० : 2023:23:17** **<u>नियत तिथि के बाद शुल्क जमा करने वाले विद्यार्थियों से लिये जाने वाले विलम्ब शुल्क भुगतान की अधिकतम सीमा तय करने के प्रस्ताव के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं वित्त समिति द्वारा मैस शुल्क को छोड़ते हुए बिलम्ब से भुगतान पर एक सेमेस्टर में भुगतान किये जाने कुल शुल्क पर 10 प्रतिशत का ब्याज लगाये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया है। छात्रों के द्वारा समय से शुल्क जमा न किये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में एक कमेटी गठित करते हुए शुल्क को समय से जमा कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:23:18** **<u>उपनल के माध्यम से लगे केयर टेकर एवं इलैक्ट्रीशियन द्वारा की गयी ओवरटाईम ड्यूटी के लिए पारिश्रमिक पर विचार प्रस्ताव के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2023:23:19** **<u>अतिरिक्त उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने वाले संकाय सदस्यों को मानदेय के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। 20वीं वित्त समिति की बैठक में निम्न प्रकार मानदेय स्वीकृत किया गया :–

| Sr. No. | Honorary Post | Remuneration | Honorary Post | Remuneration |
|---|---|---|---|---|
| 1. | DSW | ₹ 1000/- | Assistant DSW | ₹ 500/- |
| 2. | Chief Proctor | ₹ 1000/- | Proctor | ₹ 500/- |
| 3- | Chief Hostel Warden | ₹ 1000/- | Hostel Warden | ₹ 500/- |
| 4. | Chairman Sport Committee | ₹ 1000/- | Member Sport Committee | ₹ 500/- |
| 5. | Controller of Examination | ₹ 1000/- | Assistant Coordinator of Examination | ₹ 500/- |
| 6. | Coordinator placement cell | ₹ 1000/- | Member placement cell | ₹ 500/- |
| 7. | Guest House I/C | ₹ 1000/- | | |

उपरोक्त स्वीकृत दरों में स्वीकृत मानदेय को प्रतिमाह दिये जाने का कोई उल्लेख न होने के कारण आपत्ति दर्ज की गयी है। वित्त समिति के सदस्यों द्वारा 20वीं वित्त समिति की बैठक उपरोक्तानुसार स्वीकृत मानदेय को प्रतिमाह दिये जाने को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

मद सं० : 2023:23:08 **अन्य मद मा० अध्यक्ष महोदया की अनुमति से।**

**विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर के पारिश्रमिक के सम्बन्ध में :–**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं विजिटिंग प्रोफेसर को रू0 1,75,000/– एवं एसोसिएट प्रोफेसर को रू0 1,50,000/– पारिश्रमिक भुगतान किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

# 24th Meeting of Finance Committee Of Doon University

*Dated 15/09/2023*

*Venue : Office of the Vice Chancellor* *Time : 11.00 A.M.*

| SR. No. | Name | Designation and Organization | Signature |
|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Surekha Dangwal | Vice Chancellor and Chairman, Executive Council, Doon University | |
| 2. | Byomkesh Dubey Dy. Secy. H. Edu. | Department of Higher Education, Govt. of Uttarkahand | [signature] |
| 3. | | Department of Finance, Govt. of Uttarkahand | |
| 4. | Prof. S. P. Singh | Former Vice Chancellor, HNB Garhwal University | [signature] |
| 5. | Prof. ~~D.~~ R. Sharma R. D. Sharma | Former Vice Chancellor, Jammu University | [signature] |
| 6. | Dr.Mangal Singh Mandrawal | Registrar, Doon University | [signature] |
| 7. | Shri Har Singh Baunal | Finance Controller, Doon University | [signature] |
| | | | |
| | | | |